>

Title: Regarding relief to Red Zone affected houses in Pimpri Chinchwad in Maval, Maharastra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र पिंपरी-चिंचवाड़, मावल के रक्षा विभाग के अन्तर्गत आने वाले रेड जोन के बारे में अपनी बात रख रहा हूँ । पिछले कई वर्षों से पूना के करीब पिंपरी-चिंचवाड़, मावल में रक्षा विभाग के पास कई सारे लोगों ने खुद को रहने के लिए मकान बनाए । इसमें से कई मकान सैनिक अथॉरिटी की परमिशन लेकर बनाए गए । शुरू में रेड जोन का क्षेत्र 608 तक आता था । 2013 में उसे बढ़ाकर 2000 यार्ड तक किया गया है । इसमें रक्षा विभाग की कई सारी इमारतें आती हैं । इसमें रक्षा क्वार्टर, ऑफिस, स्कूल, हॉस्पिटल, देहु रोड कैन्टोनमेंट की कई सारी इमारतें भी आती हैं । पिंपरी-चिंचवाड़ शहर से लगकर कई सारी इमारतें इसमें आती हैं । इसकी आबादी करीब 4-5 लाख है । मैंने करीब 5 साल में कई बार रक्षा विभाग के मंत्री तथा अधिकारियों के साथ मीटिंग की है । करीब सात-आठ बार इस बारे में मीटिंग हुई है, लेकिन आज तक कोई निर्णय नहीं हुआ । आखिरी बैठक रक्षा मंत्री के साथ 3 अप्रैल, 2018 को हुई थी ।

HON. CHAIRPERSON: Respected Member, we have a long list of Members. Kindly put your views briefly.

…(व्यवधान)

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे : उसमें इस समस्या को हल करने के बारे में रक्षा विभाग ने पूरी तरह से सहमति जताई थी । देश में मोदी जी के नेतृत्व की सरकार आई है । लोग उनसे पूरी उम्मीद लगाए हुए हैं ।

माननीय सभापति: आप अपनी बात और विषय रखिए ।

…(व्यवधान)

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :मैं अपनी बात एक मिनट में खत्म कर रहा हूँ । मैं जानता हूँ कि देश की सुरक्षा एक अहम् मुद्दा है, फिर भी आज सरकार ने बहुत से गरीबों को मकान देने की घोषणा की है । प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत 2022 तक देश के सभी गरीबों को मकान देने की घोषणा हुई है । मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूँ । रेड जोन से प्रभावित मकानों को राहत देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 2000 यार्ड से रेड जोन का क्षेत्र 600 यार्ड तक करने की मैं माँग करता हूँ ।

माननीय सभापति: धन्यवाद । श्री छेदी पासवान जी ।